क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द(सी0आर0सी0), पटना

(विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)

रेड कास भवन, नार्थ गांधी मैदान, पटना

ईमेल.crcpatna@rediffmail.com, बेवसाईट–www.crcpatna.com, टेलीफैक्स. 0612-2219333

पत्रांक सं.–सी.आर.सी.–पैट/मीडिया/241/2015/394 दिनांक–06.01.2016

प्रेस विज्ञप्ति

क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी.आर.सी.), पटना जो कि विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एवं राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान, कोलकाता के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन रेड कास भवन, नार्थ गांधी मैदान पटना में कार्यरत है में **'श्रवण बाधित बच्चों के शीघ्र हस्ताक्षेपण तथा ग्रहणात्मक एवं अभिव्यक्तात्मक भाषा के विकास में मौखिक विधि एक विकल्प'** विषय पर तीन दिवसीय सतत पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम(सी.आर.ई.) जो आर.सी.आई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है का प्रारम्भ हुआ।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री उपेन्द्र नारायण विद्यार्थी ने प्रेक्षागृह, रेड कास भवन, गांधी मैदान, पटना में दीप प्रज्जवलित करके की। विशिष्ट अतिथि ने सी.आर.सी., पटना द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सी.आर.सी., पटना का अभार जताया।

कार्यक्रम के उददघाटन समारोह में क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी.आर.सी.), पटना के प्रभारी अधिकारी, श्री श्याम सुन्दर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में सी.आर.ई. कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा कार्यक्रम के उद्देश्य एव प्रतिभागियों को होने वाले लाभ के बारे में बताया तथा विकलांगता के क्षेत्र में काम कर रहे पुनर्वास व्यवसायिक प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम के माध्यम से नई तकनीकों को सीखकर विकलांगजनों को दिन प्रति दिन हो रहे नई प्रोद्योगिकी एवं तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित करेगें।

उपरोक्त कार्यक्रम अगले तीन दिन तक प्रेक्षाग्रह में चलेगा जिसमें विशेषज्ञयों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग दिया जायेगा उक्त कार्यक्रम में विशेषज्ञ श्री प्रेमलाल, मिस. प्रियदर्शनी, जे.एम. इंस्टीट्यूट, पटना, श्री श्याम सुन्दर मिश्रा, प्रभारी अधिकारी, सी.आर.सी., पटना, डॉ. मनोरंजन प्रसाद, श्रीमती गीता यादव, आइ.आई.एच.ई.आर., बेउर, पटना, श्री राकेश कुमार, एस.एस.ए., श्री विनोद कुमार, श्री पिन्टू कुमार, श्री इंद्रजीत कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, सी.आर.सी., पटना, श्री रवि कुमार, सक्षम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागी ने भाग लिया तथा कार्यक्रम के समापन उपरान्त प्रतिभागियों तथा ट्रेनी प्रशिक्षकों को सी.आर.सी., पटना द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किये जायेगें।

श्याम मिश्रा

(श्याम सुन्दर मिश्रा)
प्रभारी अधिकारी
सी0आर0सी0, पटना